# धोखाधड़ी गिरोहों का पर्दाफाश

## 2.6 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की पुलिस ने



**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 2 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उज्जैन और भोपाल में सक्रिय दो संगठित धोखाधड़ी गिरोहों का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 2.6 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति, जिसमें ट्रैक्टर और महंगी चारपहिया गाड़ियां शामिल हैं, जब्त की गई हैं।**

उज्जैन में भाटपचलाना थाना पुलिस ने किसानों को निशाना बनाकर ट्रैक्टर धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी रफीक को गिरफ्तार किया। कई शिकायतों के आधार पर गठित विशेष टीम ने 30 अप्रैल को तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के जरिए आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने उज्जैन, इंदौर, धार और रतलाम जिलों से करीब 1.8 करोड़ रुपये कीमत के 20 ट्रैक्टर बरामद किए। जांच में सामने आया कि आरोपी किसानों को अधिक मासिक किराए का लालच देकर ट्रैक्टर लेता था और बाद में उन्हें बेच या गिरवी रख देता था।

वहीं, भोपाल के अयोध्यानगर थाना पुलिस ने चारपहिया वाहन धोखाधड़ी गिरोह का खुलासा किया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक महिंद्रा एक्सयूवी, दो बोलेरो और दो इनोवा समेत कुल पांच वाहन (करीब 80 लाख रुपये) जब्त किए गए। गिरोह वाहन मालिकों को आकर्षक किराए का झांसा देकर गाड़ियां लेकर सस्ते दामों में बेच देता था।

पुलिस ने अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी संपत्ति किसी अज्ञात व्यक्ति को सौंपने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें।



## ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल

**शिवपुरी.** शिवपुरी में एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी. एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हुए हैं. मज़दूर काम खत्म कर घर लौट रहे थे. जिले के लुकवासा चौकी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर एक ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में ट्रॉली पलट गई और एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# नीट यूजी 2026 परीक्षा आज

## राजधानी में 33 केंद्रों पर हो रही परीक्षा

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 02 मई. मप्र समेत देश भर में एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 की परीक्षा रविवार 3 मई को आयोजित हो रही है. प्रदेश भर में आयोजित होने वाली यह परीक्षा इस बार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच सम्पन्न होगी. जो कि देश के 552 शहरों और 14 अंतर्राष्ट्रीय स्थानों में होने वाली है. जिसमें इस बार कुल 22 लाख 79 हजार से अधिक छात्रों ने पेन-एंड-पेपर मोड में परीक्षा के लिये आवेदन किया है.**

वहीं राजधानी भोपाल में इस बार कुल 33 केंद्रो पर परीक्षा आयोजित की जा रही है. जिसके प्रशासन की तरफ से सभी केंद्रो पर परीक्षार्थियों के लिये समुचित व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं. बता दें एनटीए ने नीट यूजी 2026 परीक्षा के लिये जारी निर्देश में महिला व पुरुष छात्रों के लिए ड्रेस कोड भी जारी किया है. जिसमें उन्हे हल्के कपड़े और हल्के जूते पहनने को सुझाव दिया है.



वहीं अगर कैंडिडेट्स को ज़रूरत महसूस हो तो वे पूरी आस्तीन के या ऊनी कपड़े पहन सकते हैं. बस उन्हें सेंटर पर सही समय मे पहुंचकर पहले रिपोर्ट करना होगा, ताकि तलाशी ली जा सके. इसके साथ ही अभ्यर्थी ट्रांसपेरेंट पानी की बोतलें ले जा सकते हैं.

> जिला प्रशासन की तरफ से जारी निर्देशानुसार प्रतिभागियों को परीक्षा के लिये सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजकर 30 बजे तक ही केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा. दोपहर डेढ़ बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा. वहीं एनटीए की तरफ से सभी परीक्षार्थियों को लिखने के लिये काला बॉल पेन केंद्र पर ही प्रदान किया जाएगा. इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की लेखन सामग्री वर्जित रहेगी. साथ ही प्रतिभागियों के प्रवेश-पत्र केंद्र पर ही जमा कराए जाएंगे, जिसकी एक अतिरिक्त प्रति अभ्यर्थी सहेज कर रखेंगें. वहीं केंद्र पर परीक्षार्थियों को पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ ले जाना अनिवार्य है.

## तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष बने विनोद गोटिया



**भोपाल, 2 मई. मध्यप्रदेश में निगम मण्डलों और प्राधिकरणों में नियुक्तियों का क्रम जारी है और शनिवार एक बार फिर अनेक नियुक्तियां की गईं.**

तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में विनोद गोटिया को नियुक्त किया गया है. इसके अलावा पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, युवा आयोग के अध्यक्ष बनप्रवीण शर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा, राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, कोशल शर्मा महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष पंकज जोशी और उपाध्यक्ष राकेश जादौन, प्रशांत केसरवानी जबलपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं.

# बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से मिली राहत

**भोपाल, 02 मई. मध्यप्रदेश के मौसम में पिछले 3 दिनों से आंधी, बारिश और बिजली गरज का सिलसिला जारी है. वहीं साल का सबसे गर्म रहने वाले मई के महीने की शुरुवात प्रदेश में आंधी बारिश से हो चुकी है. हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ये सिलसिला मानसून आने की पहचान है. लेकिन हफ्ते दर हफ्ते मई महीने के आखिर तक प्रदेश का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच सकता है.**

वहीं अगर शनिवार की बात करें तो प्रदेश के कई जिलों में जोरदार आंधी और बारिश के साथ बिजली की चमक दिखाई पड़ी. जिसमें भोपाल समेत जबलपुर, सागर, विदिशा, गुना, देवास, इंदौर, उज्जैन सहित कई जिले शामिल हैं. इसके साथ ही मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर बादल छाने, बारिश होने के साथ कुछ हिस्सों में तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई है.

फिलहाल शनिवार के मौसम में अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ, लेकिन न्यूनतम तापमान में कई जगह गिरावट दर्ज की गई है. तो शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान राजगढ़ में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान दमोह में 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा.



> **राजधानी में 2 बार हुई बारिश**
> भोपाल में शनिवार को दोपहर करीब 2 से 4 बजे के बीच दो बार तेज बारिश, आंधी ने लोगों को गर्मी से राहत दी. इस दौरान अचानक आई बारिश से लोग सड़कों पर रुककर बचाव करते नजर आए. वहीं बारिश के चलते शहर का अधिकतम तापमान करीब 39.8 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री रहा. जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली.

## पूर्व विधायक की कार से बाइक सवार की मौत

**मंडला, 2 मई. जिले के बिछिया स्थित ग्राम सिझोरा में देर रात पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे की कार ने बाइक सवार युवक श्रीराम साहू को टक्कर मार दी. हादसे में श्रीराम साहू की मौत हो गई. हादसा उस वक्त हुआ है जब श्रीराम साहू मोटर साइकल से अपने घर लौट रहा था.**

पुलिस के अनुसार श्रीराम साहू उम्र 31 वर्ष विद्युत मंडल में मीटिर रीडिंग का काम करता रहा, वह देर रात मोटर साइकल से अपने घर जाने के लिए निकला, जब वह सिझोरा से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान सामने से आई कार ने मोटर साइकल को टक्कर मार दी. कार की टक्कर लगते ही श्रीराम साहू मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरा, जिससे उसके सिर,चेहरे व सीने में गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना होते देख आसपास के लोग एकत्र हो गए, इस बीच कार सवार युवक भाग निकले. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने श्रीराम साहू को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने भी श्रीराम को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया.

## 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

### 7 से 25 मई तक होगी परीक्षा

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 2 मई. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने शनिवार को हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं. बता दें परीक्षा 7 मई से शुरू होने जा रही है. जो कि 25 मई तक चलने वाली है. छात्र मंडल के अधिकृत पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं.**

मंडल ने सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में आने का आदेश दिया है. क्योंकि बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में बैठना संभव नहीं होगा. वहीं मंडल ने सभी छात्रों को समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसकी जानकारी को ध्यान से जांचने को भी कहा है, जिससे त्रुटि होने पर सुधार कराया जा सके.




> मंडल की ओर से स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश पत्र ऑनलाइन माध्यम से ही उपलब्ध रहेंगे और विद्यार्थियों को वेबसाइट से ही इन्हें प्राप्त करना होगा. विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से पहले सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके.

## सांसद ने हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

**ग्वालियर, 2 मई. हरिशंकरपुरम में 12.44 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास के निर्माण का सांसद भारत सिंह कुशवाह ने निरीक्षण कर अफसरों को काम में गति लाने एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो ताकि क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके.**

इस अवसर पर उनके साथ पार्षद अर्पणा पाटिल, गिरिराज सिंह कंसाना, मंडल अध्यक्ष बंटी बघेल, जबर सिंह गुर्जर, भरत दांतरे उपस्थित रहे. साथ ही प्रशासनिक टीम से सहायक प्रबंधक हर्षिता, पीजीएम प्रेम नारायण, संभागीय प्रबंधक राजेश दाहिमा एवं अन्य विभागीय अधिकारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे. हरीशंकरपुरम अंडरपास के निरीक्षण के बाद सांसद कुशवाह थाटीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के शासकीय निर्माण न्यू टाउनशिप के प्रथम चरण के चल रहे निर्माण कार्य का संबंधित अधिकारियों के साथ ऑफिस कॉम्पलेक्स, रेसिडेंशियल ब्लॉक, कम्युनिटी हॉल एवं पावर सबस्टेशन का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए.

## 34.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन

**भोपाल, 02 मई. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 6 लाख 91 हजार किसानों से 34 लाख 73 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है. अभी तक 14 लाख 64 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं.**

किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई. प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया. साथ ही एनआईसी सर्वर की



क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई. खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनीटरिंग की जा रही है. मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि किसानों को 5462.42 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है. उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाए आदि की व्यवस्थाएँ की गई हैं.

> इसमें बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था की गई है. उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं के फोटो ग्राफ्स भारत सरकार के PCSAP पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है. किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है.

## प्रदेश के 6 लाख घर सौर ऊर्जा से होंगे रोशन : मंत्री शुक्ला

**भोपाल, 2 मई. नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रदेश के 6 लाख घर सौर ऊर्जा से रोशन होंगे. इसके लिए घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे.**

उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए वेंडर्स के साथ डिजिटल एग्रीमेंट की व्यवस्था लागू की जा रही है. डिजिटल एग्रीमेंट से लागत में कमी और लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से कार्य किया जा सकेगा. मंत्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने के लिए आम जनता में उत्साह है. अब तक लगभग 2 लाख आवेदन प्राप्त हो गए हैं. निर्धारित लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त कर लिया जाएगा. मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार नवकरणीय ऊर्जा के विस्तार के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है. योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा हितग्राहियों और वेंडर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शुल्कों में कमी लाने की विशिष्ट पहल की गई.

# भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

**भोपाल, 02 मई. यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है. जो कि 4 मई से 27 मई 2026 तक चलने वाला है. जिसके कारण पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर संचालित की जाने वाली कुछ गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है.**

रेलवे के अनुसार यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन के कारण कुछ स्टेशनों पर स्थायी रूप से ठहराव भी प्रभावित हो सकते हैं. यात्रियों से



अनुरोध है कि यात्रा आरंभ करने से पूर्व संबंधित ट्रेन की स्थिति रेलवे पूछताछ सेवा या नजदीकी स्टेशन से अवश्य जांच लें.

गाड़ी संख्या 19051 वलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, दिनांक 16, 23 मई को परिवर्तित मार्ग जियोनाथपुर-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन. गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड़ एक्सप्रेस दिनांक 18, 25 मई को परिवर्तित मार्ग औंड़िहार जंक्शन-वाराणसी सिटी-वाराणसी जंक्शन-जियोनाथपुर. गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस, दिनांक 13, 15, 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन. गाड़ी संख्या 11060 छपरा-एलटीटी एक्सप्रेस, दिनांक 14, 16, 18, 21, 23, 25 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन. गाड़ी संख्या 11055 एलटीटी-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस, दिनांक 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन. गाड़ी संख्या 11059 एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस, दिनांक 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन. गाड़ी संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस, दिनांक 09, 16, 23 मई को परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुलतानपुर जंक्शन-जफराबाद जंक्शन.

### 100 दिन का योग अभियान

## 30 हजार आयुष विद्यार्थी और कर्मचारी होंगे शामिल

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 02 मई. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले शुरू किए गए 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशन में प्रदेशभर के आयुष कॉलेजों से बड़ी भागीदारी देखने को मिलेगी. बता दें इस अभियान में करीब 30 हजार छात्र इंटर्न जूनियर डॉक्टर पीजी स्कॉलर और कर्मचारी शामिल होंगे. जिसमें 17 हजार आयुष छात्र और करीब 13 हजार कर्मचारी शामिल होंगे.**



आयुष एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग को जन आंदोलन बनाना और लोगों के दैनिक जीवन में इसे शामिल करना है. इससे प्रदेश के आयुष संस्थानों में योग के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी. जानकारी के अनुसार डॉ. शोभित जैन ने हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी आयुर्वेद होम्योपैथी और यूनानी कॉलेजों के प्राचार्यों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

> प्रदेश में 9 शासकीय सहित कुल 63 आयुष कॉलेज जो संचालित हैं वहां यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा. कार्यक्रम के तहत 14 दिवसीय संरचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे. जिनका प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से होगा. इस अभियान का समापन 27 मई 2026 को बड़े ऑनलाइन योग सत्र के साथ होगा. कार्यक्रम का संचालन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा किया जाएगा. वहीं योग सत्र में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागी moa.habit.yoga पर ऑनलाइन पंजीयन या टोलफ्री नंबर 18003157008 के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षण से जुड़ सकते हैं.

**प्रतिक्रिया** प्रदेश की भाजपा सरकार पर पटवारी ने बोला हमला

# प्रशासनिक लापरवाही के कारण नागरिकों की मौत : जीतू

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 2 मई.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि बढ़ते हादसों, मौतों, अपराध और भ्रष्टाचार के बीच शासन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है.**



पटवारी ने कहा कि हाल के दिनों में हुई सामूहिक मौतें और बड़े हादसे महज दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं. उन्होंने घोषणा की कि वे इस गंभीर स्थिति को लेकर द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश में तत्काल केंद्र के हस्तक्षेप की मांग करेंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि जहरीले पानी से लोगों की जान जा रही है और चिकित्सा लापरवाही के कारण 26 बच्चों की मौत हुई. बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की आपत्तियों के बावजूद संचालन की अनुमति देना सरकार की संवेदनहीनता दर्शाता है.

> **किसान कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर**
> पटवारी ने आदिवासी क्षेत्रों में कमजोर आधारभूत संरचना और परिवहन सुविधाओं की कमी को सड़क हादसों का कारण बताया. उन्होंने दावा किया कि जनता का रुझान तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है. किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि खराब मौसम से फसलें प्रभावित हुईं और किसानों को मजबूरी में कम दाम पर उपज बेचनी पड़ी. उन्होंने तत्काल मुआवजे की मांग करते हुए 7 तारीख को प्रदेशव्यापी हाईवे जाम का ऐलान किया. साथ ही, भोपाल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और सरकारी नियुक्तियों में पक्षपात के आरोप भी लगाए.



## नई जेल के पीछे 20 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया

**दतिया. दतिया में सरकारी जमीन पर बुलडोजर चला है. नई जेल के पीछे 20 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है.**

दतिया शहर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लॉटिंग करने वालों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के भांडेर रोड स्थित नई जेल के पीछे सर्वे नंबर 257 की करीब 20 बीघा सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व विभाग और नगरपालिका की टीम ने हटा दिया.

## आंधी के दौरान युवक के ऊपर बिजली पोल गिरा, मौत

**सीधी.** जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के हौदाबाध गांव में शनिवार दोपहर आंधी के कारण बिजली का खंभा गिरने से एक 28 वर्षीय युवक की जान चली गई. युवक अपने घर से किसी काम से बाहर जा रहा था, तभी हादसा हो गया. शनिवार दोपहर करीब 12 बजे जब तेज आंधी आई, तो गांव में पहले से झुका हुआ एक जर्जर बिजली का पोल अचानक कमलेश पटेल के ऊपर गिर गया. पोल सीधे उनके सिर और पीठ पर लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए डॉक्टरों की कोशिशों के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी.